अधिकार सुरक्षित है। आवेदक द्वारा वाद व्यय दिलाये जाने तथा अन्य राहत प्रदान करने का अनुतोष चाहा गया है।

2. प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण पंजीबद्ध कर अनावेदिका को उक्त शिकायत के संबंध में प्राधिकरण के समक्ष जवाब प्रस्तुत करने एवं अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने बाबत् रजिस्टर्ड डाक से नोटिस प्रेषित कर सूचित किया गया। उन्हें ई–मेल के द्वारा भी नोटिस एवं दस्तावेज प्रेषित किये गये।

3. अनावेदिका द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया है कि अनावेदिका कभी मेंटनेंस देने से इंकार नहीं किया गया। अनावेदिका मेंटनेंस देना चाहता हूँ, परन्तु उसी के अनुसार राशि लेनी चाहिये। प्रमोटर आपसी सहमति से तय वास्तविक राशि रूपये 1.5 प्रति वर्गफुट के हिसाब से ले, जिसमें अनावेदिका द्वारा किये गये खर्चों को घटाया जाये। पिछले एक वर्ष से प्रमोटर द्वारा क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल, थियेटर, जिम, गार्डन और कॉमन एरिया की मेंटनेंस बंद कर दी गई है। प्रमोटर से समझौते के लिये कहा गया, परन्तु उन्होंने मना कर दिया गया और अनावेदिका को अपमानित किया गया। भुगतान के पश्चात् प्रमोटर को न्यूनतम सामान्य मेंटनेंस सेवाएँ सुनिश्चित करनी चाहिये। प्रमोटर को सहयोग करना चाहिये और हैंडओवर प्रक्रिया में मदद करनी चाहिये। उचित पार्किंग और वॉलेट ड्राईवर की सुविधा न मिलने के लिये मुआवजा। मानसिक उत्पीड़न के लिये मुआवजा। खराब निर्माण गुणवत्ता तथा एक्सपायर्ड टाईल्स और दरवाजों के उपयोग के लिये। वर्तमान समय में इन्द्रप्रस्थ ब्लॉक बी वाले रहवासी दिनाँक 01.04.2026 को 03 वर्ष का सेटलमेंट कर लिये गये हैं। इसके बावजूद आज की तारीख में सीवरेज टैंक का पानी नाली पूरा रोड के ऊपर बह रहा है, जिसके ऊपर से चलने के लिये बच्चे, बुजुर्ग सब मजबूर है एवं वहीं पानी पीने की टंकी में भी मिल रही है, जो कि अनावेदिका सभी पीने के लिये मजबूर है। इसके बावजूद मेंटनेंस की राशि के लिये कहा गया है, आज की तारीख में अनावेदिका देने को तैयार है, प्राधिकरण का जो उचित निर्णय हो, उसे मान्य है।

4. उभय पक्ष द्वारा प्रस्तुत आवेदन एवं जवाबदावा, दस्तावेज के अवलोकन तथा प्रस्तुत तर्क का परिशीलन किये जाने के उपरांत प्राधिकरण द्वारा निम्नानुसार विनिश्चिय के बिंदु निर्धारित किये जाते हैः–

1. क्या आवेदन पर प्राधिकरण को सुनवाई का क्षेत्राधिकार है?
2. क्या प्रस्तुत आवेदन समय सीमा के भीतर है?
3 क्या आवेदक को वांछित अनुतोष प्रदान किया जा सकता है?यदि हॉ तो उसकी मात्रा एवं स्वरूप क्या होगा?

परिपालन में प्राधिकरण को अधिनियम के उद्देश्यिका में उल्लेखित भू–संपदा सेक्टर में उपभोक्ताओं के हित की संरक्षा करने में तत्तपर रहने को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण द्वारा याचित अनुरक्षण प्रभार के युक्तियुक्त होने का परीक्षण किया गया। इसके लिए आवेदक से अनुरक्षण व्ययों में होने वाले व्यय की विस्तृत जानकारी मॅगाई गई। उक्त अनुरक्षण व्यय के विरूद्ध अन्य प्रकरण में अन्य आबंटिती जिनके विरूद्ध आवेदक द्वारा सामान्य पृष्ठ भूमि एवं आधार पर परिवाद प्रस्तुत किया गया है, में अनावेदिका आबंटिती को आपत्ति प्रस्तुत करने एवं प्रस्तुत आपत्ति पर व्यय की आवश्यकता एवं औचित्यता प्रस्तुत करने हेतु आवेदक को समुचित अवसर प्रदान किया गया। प्राधिकरण को इसकी आवश्यकता इसलिए महसूस हुई, क्योंकि विक्रय अनुबंध में अथवा भू–संपदा के रजिस्टर्ड विक्रय विलेख अथवा अन्य कोई सहमति विलेख या अनुबंध में आवेदक एवं अनावेदिका के मध्य अनुरक्षण प्रभार नियत नहीं है, न ही रहवासियों के प्रचलित विधि के अधीन पंजीकृत समिति व संप्रवर्तक के मध्य इस संबंध में कोई दर निश्चित किया गया है, अतः अनुरक्षण प्रभार के युक्तियुक्त होने का परीक्षण किया जाना प्राधिकरण के लिए आवश्यक हुआ।

आवेदक द्वारा औचित्य प्रतिपादित करते हुए अनुरक्षण प्रभार 1.993 रूपये प्रतिवर्गफुट प्रतिमाह प्रतिपादित किया गया। जिसे सुनवाई एवं परीक्षण पश्चात् प्राधिकरण द्वारा मान्य किया गया।

अन्य प्रकरण में सुनवाई के दौरान कतिपय अनावेदिका द्वारा यह आपत्ति प्रस्तुत की गई कि आवेदक द्वारा आबंटितियों के साथ भेद–भाव किया जा रहा है व जो आबंटिती आवेदक के समक्ष शरणागत होकर उनके शर्त एवं परिस्थिति को मान्य कर रहे हैं, उन्हें आवेदक द्वारा अनुरक्षण प्रभार में छूट दी जा रही है। आबंटितियों के मध्य सम्यता के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण द्वारा इसे संज्ञान में लिया गया एवं आवेदक को यह निर्देश दिया गया कि सभी आबंटितियों से अनुरक्षण प्रभार अधिरोपित किए जाने में सम्यता के सिद्धांत का पालन किया जाए और यदि कोई छूट किसी भी आबंटिती को प्रदान की गई है व छूट सभी आबंटिती को प्रदान की जाए, जिस पर आवेदक द्वारा लगभग 50 आबंटितयों को मात्र एक वर्ष के लिए वर्ष 2024–25 में 9,636/– रूपये प्रति ईकाई के मान से छूट दिया जाना स्वीकार किया गया। यह भी कथन किया गया कि यह छूट मात्र वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्रदान की गई है। अतः प्राधिकरण यह अभिनिश्चित करता है कि 9,636/– रूपये एक वित्तीय वर्ष के लिए छूट की पात्रता सभी आबंटितियों को होगी।

आवेदक द्वारा सौहार्दपूर्ण समाधान की दिशा में कतिपय रहवासियों द्वारा अपने ब्लॉक में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए किए गए अनुरक्षण 803/–

रूपये प्रतिमाह को मान्य किया गया और इस प्रकार 9,636/– रूपये प्रति ईकाई के मान से छूट प्रदान की गई। चूँकि एक वित्तीय वर्ष के लिए आवेदक द्वारा अनावेदिका को स्वतः छूट प्रदान की गई है, अस्तु आवेदक अधिनियम की धारा–19(7) के अधीन अधिनियम की धारा–19(6) के अंतर्गत देय राशि पर ब्याज प्राप्त करने का भी अधिकारी नहीं होगा।

8. अस्तु समग्र विश्लेषण पश्चात् प्राधिकरण द्वारा प्रकरण में निम्नानुसार आदेश पारित किया जाता है:–

1. अनावेदिका को 9,636/– रूपये छूट की पात्रता होगी अर्थात् संपूर्ण देय राशि में 9,636/– रूपये की कटौती हो जाएगी।
2. अनावेदिका 45 दिवस के भीतर आवेदक को देय अनुरक्षण प्रभार @1.993 रूपये प्रति वर्गफुट प्रतिमाह के मान से अनावेदिका की ईकाई के लिए 2098.59 रूपये प्रतिमाह के दर से 33 माह हेतु (69,253–9,636=59,617) रूपये मय जी.एस.टी. जो प्रचलित दर पर देय होगा, का भुगतान करें।
3. अनावेदिका, आवेदक को 45 दिवस के भीतर अधिनियम की धारा–18, नियम–17 भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रदत्त ऋण पर मार्जिनल ब्याज दर 8.80 प्रतिशत + 2 प्रतिशत अर्थात् 10.80 प्रतिशत के ब्याज दर पर देय अनुरक्षण प्रभार 59,617/– रूपये पर ब्याज 5,634/– रूपये [ब्याज हेतु औसत कालवधि (33–12)/2=10.5 माह] भुगतान करें।

| | |
|---|---|
| सही/– | सही/– |
| (धनंजय देवांगन) | (संजय शुक्ला) |
| सदस्य | अध्यक्ष |